

**मनमानी** ▶ कौन बार-बार हेलमेट के झंझट में पड़े

# उधार का हेलमेट लेकर कर रहे टंकी फुल



**जबलपुर, नवभारत।** विगत कुछ माह पहले जबलपुर जिले के कलेक्टर ने नो हेलमेट नो पेट्रोल नामक एक शानदार मुहीम शुरू की थी। इस पहल का उद्देश्य लोगों को हेलमेट लगाने के प्रति जागरूक करना था। लेकिन आज महीनो बाद हमारे संस्कारधानी की जनता ने इसका भी तोड़ निकाल लिया है। शहर के अधिकतर पेट्रोल पंपों में हेलमेट की निगरानी पूरी तरीके से बंद हो चुकी है। जिन गिने चुने पंपों में सख्ती से इसका पालन हो भी रहा है, तो हमारी जुगाड़ू जनता द्वारा हेलमेट उधार लेकर गाड़ियों की टंकी फुल कराई जा रही है। दरअसल, जबलपुर कलेक्टर ने यह आदेश सड़क दुर्घटना में होने वाली हानि से बचने कि लिए जारी किया था। परंतु लोग हैं कि मानते ही नहीं है। बता दे कि नो हेलमेट नो पेट्रोल का आदेश 1 अगस्त से लागू किया गया था। लेकिन ये आदेश मानो कुछ ही घंटे टिक सका। आज भी पेट्रोल पंपों पर कुछ अलग ही नजारा देखने को मिलता है। जो लोग हेलमेट पहनकर पेट्रोल लेने पहुंचते थे उन्हें तुरंत पेट्रोल मिल जाता है, लेकिन जो बिना हेलमेट के पहुंचते है, वे दूसरो से हेलमेट उधार लेकर अपने वाहनो की टंकी फुल करा लेते है।

### सामने आई वजह

**केस 1 –** सोमवार दोपहर अपनी एक्टिवा गाड़ी में पेट्रोल डलाने होंडा पेट्रोल पंप पहुंचे दीपक सिंह को बिना हेलमेट के पेट्रोल देने पंप कर्मियों ने मना कर दिया। इसके बाद उन्होंने राजेश कुमार रजक से हेलमेट उधार लेकर अपनी गाड़ी की टंकी फुल करा दी। वजह पूछने पर उन्होंने बताया कि बार बार पंप कर्मियों से झगड़ा करेगा, इससे अच्छा टंकी फुल करा ली जाए। लेकिन हेलमेट नहीं पहनेंगे।

**केस 2 –** इसी से मिलता जुलता किस्सा तैय्यबअली पेट्रोल पंप पर देखने मिला जहां गोपाल खरे अपनी सुजुकी एक्सेस गाड़ी में पेट्रोल डलवाने बिना हेलमेट के पहुंचे थे। यहां भी पंप कर्मियों द्वारा उन्हें पेट्रोल देने से इनकार कर दिया। इसके बाद उन्होंने दो-तीन राहगीरों से हेलमेट उधर मांगा लेकिन किसी ने भी उनकी मदद नहीं की, अंततः 20 मिनट के इंतजार के बाद उनको एक सज्जन बृजेश कुमार ने अपना हेलमेट उधार दिया, जिसके बाद उन्होंने भी अपने वाहन की टंकी फुल करा ली।

**केस 3 –** मंगलवार दोपहर रसल चौक स्थित पेट्रोल पंप में तो पुलिसकर्मी भी बिना हेलमेट के पेट्रोल डलवाने पहुंच गया, लेकिन कर्मचारियों ने उसे बिना पेट्रोल दिए ही वापस कर दिया। जिसके बाद पुलिस कर्मी हेलमेट लेकर दोबारा पेट्रोल लेने पहुंचे।

### इनका कहना है



हेलमेट लगाने में हम सब की भलाई है। इससे सड़क दुर्घटना में आने वाली गंभीर चोट से भी बचा जा सकेगा।

**कमरुद्दीन**



जिला प्रशासन द्वारा हेलमेट लगाने पर ही पेट्रोल उपलब्ध होने का नियम बहुत ही अच्छा बनाया गया है। इससे हम सब का भला होगा।

**हामिद**



पुलिस विभाग द्वारा सड़कों पर लोगों को हेलमेट लगाने के लिए लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसे और सख्ती से लागू किया जाएगा। बिना हेलमेट के सड़को पर चल रहे राहगीरों पर चालानी कार्यवाही भी की जा रही है।

**संपत उपाध्याय, एसपी, जबलपुर**

# महापौर-निगमायुक्त के आगमन पर हुआ स्वागत

**स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में जबलपुर को मिला देश में दूसरा स्थान**



**नवभारत, जबलपुर।** देश की राजधानी दिल्ली में आयोजित स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में नगर निगम जबलपुर को एक बड़ी और ऐतिहासिक सफलता मिली, जिसके कारण देश के मानचित्र पर जबलपुर का नाम गौरवांवित हो रहा है तथा देश के बेहतरीन शहरों में शामिल हुआ है। इस संबंध में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, निगमायुक्त प्रीति यादव एवं स्वच्छता सेल के संभव अयाची ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वच्छ वायु सर्वेक्षण 2025 के प्रतियोगिता में भारत सरकार द्वारा दिल्ली में आयोजित सम्मान समारोह में नगर निगम जबलपुर को बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। इस उपलब्धि से उत्साहित होकर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू के नगर आगमन पर डुमना एयरपोर्ट पहुँचकर शहर के गणमान्यजनों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं स्नेहीजनों ने भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर महापौर ने स्वागत और सम्मान पाकर अभिभूत हुए और संस्कारधानी के देवतुल्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, कर्मचारी संघों, अधिकारियों कर्मचारियों और स्नेहीजनों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विगत 3 महिनों में नगर निगम जबलपुर को स्वच्छता में देश में पाँचवाँ स्थान मिलने के बाद अब स्वच्छ वायु सर्वेक्षण प्रतियोगिता में भी देश में दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है, जो एक गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि देवतुल्य नागरिकों के संकल्प, जागरूकता, जनभागीदारी एवं अपने शहर के प्रति प्रेम ने यह उपलब्धि दिलाई है। उन्होंने बताया कि स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में देश में दूसरा स्थान प्राप्त करने के पूर्व स्वच्छता में देश में पाँचवाँ स्थान, 7 स्टार रैंकिंग, गार्बेज फ्री सिटी, वॉटर प्लस सिटी, का दर्जा प्राप्त कर सफाई संरक्षकों की सुरक्षा मानकों पर भी देश में अव्वल स्थान बनाया है। उन्होंने कहा कि निगम अधिकारियों कर्मचारियों की कड़ी मेहनत रंग लाई है। स्वागत सम्मान के दौरान नगर निगम के अध्यक्ष रिकुंज विज, एम.आई.सी. सदस्य एवं स्वास्थ्य प्रभारी रजनी कैलाश साहू, एम.आई.सी. सदस्य डॉ. सुभाष तिवारी, दामोदर सोनी, विवेकराम सोनकर, अंषुल राघवेन्द्र यादव, सभीपार्षदगण, अपर आयुक्त व्ही.एन. बाजपेयी, प्रशांत गौतिया, मनोज श्रीवास्तव, अंजू सिंह ठाकुर, पूर्व अपर आयुक्त राकेश अयाची, अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, कार्यपालन यंत्री शैलेन्द्र मिश्रा, नवीन लोनारे, जी.एस. मरावी, पूर्व कार्य पालन यंत्री अजय शर्मा, कार्यपालन यंत्री शैलेन्द्र कौरव, जागेन्द्र सिंह, उद्यान अधिकारी आलोक शुक्ला, फायर अधीक्षक कुशाग्र ठाकुर, सहायक अधीक्षक राजेन्द्र पटैल, कार्यालय अधीक्षक दिलीप दुबे, कॉलोनी सेल प्रभारी सुनील दुबे, सहायक यंत्री अभिनव मिश्रा, राजस्व अधीक्षक इन्द्र कुमार वर्मा, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अनिल बारी, धमेन्द्र राज, अर्जुन यादव, पोलाराव, सभी संभागीय अधिकारी, समस्त मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक, स्वास्थ्य निरीक्षक, वार्ड सुपरवाईजर के साथ कर्मचारी संघों के पदाधिकारी राजेन्द्र पटैल, कपिल दुबे, अमित मेहरा, राकेश समुद्रे, आदि ने भी उपस्थित होकर स्वागत एवं सम्मान किया।

# सात दिन में ही तीन एफआरव्ही के थमे पहिए

▶ **डायल 112 में आयी खराबी, भेजी गई वर्कशॉप**



112 योजना अंतर्गत पुलिस लाईन परेड ग्राउंड से जबलपुर जिले को मिली 47 एफआरव्ही वाहन (फर्स्ट रिस्पॉस व्हीकल) का हरी झण्डी दिखाते हुये शुभारंभ किया गया था। जिला जबलपुर को 47 एफआरव्ही वाहन जिनमें से 30 स्कार्पियो वाहन शहर एवं 17 बुलेरो वाहन ग्रामीण क्षेत्र में मिली। जिन्हें

**जबलपुर।** अत्याधुनिक उपकरणों से लैस 47 डायल 112 एफआरव्ही चार सितम्बर को सड़कों पर उतरीं। सात दिन में ही तीन एफआरव्ही के पहिरए थम गए। ओमती थाने तैनात दो और पनगार थाने में तैनात एक एफआरव्ही में तकनीकी खराब आ गई। टोचन गाड़ी में तीनों को लोड कर वर्कशॉप सुधार कार्य के लिए भेजा गया। दो एफआरव्ही में लगी हाईटेक बैटरी डाउन हो गई तो एक वाहन का सेंशर लॉक हो गया है। विदित हो कि चार सितम्बर को डॉयल थाना क्षेत्रो के चिन्हित स्थानों में तैनात किया गया। दावा यिा गया गया वाहनों में जी.पी.एस. वायरलेस, डिजिटल नेविगेशन और लाइव लोकेशन ट्रैकिंग, बॉडी वार्म कैमरा, स्ट्रेचर जैसी सुविधाएं हैं किसी भी इमरजेंसी कॉल पर यह गाड़ियां तेज़ी से मौके पर पहुंचकर अविलम्ब पीडित को सहायता पहुंचायेंगी। लेकिन सात दिन में तीन वाहनों के पहिए थम गए। रेडियो प्रभारी मनीष राय ने बताया कि ओमती थाने में तैनात दो वाहनों की बैटरी डाउन हुई है और पनागर थाने में तैनात एक वाहन में सेंशर लॉक हुआ है जिन्हें वर्कशॉप भेजा गया है।

**पैतृक जमीन के बंटवारे को कंप्यूटर एवं बही पर चढ़ने मांगी थी घूस**

# लोकायुक्त ने पटवारी को 6 हजार की रिश्वत लेते दबोचा



**जबलपुर।** सिहोरा स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस के पीछे बिजली ऑफिस के पास जबलपुर लोकायुक्त ने बुधवार को दबिश देते हुए 6 हजार रूपए की रिश्वत लेते पटवारी को रंगे हाथों धरदाबोचा। रिश्वत की रकम पैतृक जमीन के बंटवारे को कंप्यूटर एवं बही पर चढ़ने के एवज में मांगी गई थी। पकड़े गए रिश्वतखोर के खिलाफ भ्रष्टाचार का मामला दर्ज कर लिया गया हैं।

जानकारी के मुताबिक बिशाली पटेल पिता गुलाबी पटेल ग्राम पोस्ट दर्शनी तहसील मझौली ने लोकायुक्त कार्यालय जबलपुर में पुलिस अधीक्षक शिकायत देते हुए बताया कि उसकी पैतृक जमीन के बंटवारे के संबंध में मझौली तहसीलदार द्वारा बंटवारे का आदेश किया जा चुका है लेकिन पटवारी प्रवीण कुमार पटेल पिता राजकुमार पटेल 30 वर्ष हल्का नंबर 65 और 66 ग्राम दर्शनी गुरजि तहसील मझौली द्वारा बंटवारे को कंप्यूटर एवं बही पर चढ़ने के एवज में 6000 रिश्वत की मांग कर रहा है। जिसके बाद भ्रष्टाचार के विरुद्ध सख्त कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गए।

### जाल बिछाकर रिश्वतखोर को धरदबोचा

शिकायत सत्यापन के बाद जबलपुर लोकायुक्त इकाई की ट्रैप कार्यवाही शुरू हुई। योजना के मुताबिक बिशाली पटेल को रिश्वत की रकम के साथ पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस के पीछे बिजली ऑफिस के पास अमित गर्ग का मकान सिहोरा में स्थित पटवारी ऑफिस भेजा गया। जैसे ही पटवारी प्रवीण कुमार पटेल ने रिश्वत की रकम 6 हजार रूपए ली वैसे ही ट्रैप दल सदस्य दल प्रभारी राहुल गजभिए, विवेचना अधिकारी उमा कुशवाहा निरीक्षक शशिकला ने उसे धरदबोचा।

### इनका कहना है

पटवारी प्रवीण पटेल को पैतृक जमीन के बंटवारे को कंप्यूटर एवं बही पर चढ़ने के एवज में 6000 रिश्वत की मांगते रंगे हाथों पकड़ा गया है। जिसके खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही की जा रही है।

**अंजुल लता पटेल**
**एसपी, लोकायुक्त**


# पेंशनर्स को शक्तिभवन आने की जरूरत नहीं

**जबलपुर।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी ने मध्यप्रदेश पावर अंशदासी कैशलेश स्वास्थ्य योजना में शामिल होने के लिए इच्छुक सेवानिवृत्त कार्मिकों की सुविधा के लिए योजना संबंधी जानकारी व विस्तृत फार्म कंपनी की वेबसाइट पर अपरोड कर दिया है। वेबसाइट पर योजना की समस्त जानकारी अपलोड करने से सेवानिवृत्त कार्मिकों को मुख्यालय शक्तिभवन में आने की जरूरत नहीं होगी और वे घर में बैठकर योजना के बारे में जानकारी ले सकेंगे और फार्म डाउनलोड कर सकेंगे। पावर मैनेजमेंट कंपनी की वेबसाइट के होम पेज पर कैशलेश स्कीम का पृथक से टाइटल हेडर बना दिया गया है। पेंशनर्स वहां पर क्लिक कर योजना संबंधी जानकारी व फार्म डाउनलोड कर सकेंगे। इसके अलावा लिंक पर जाकर सीधे योजना संबंधी जानकारी व फार्म डाउनलोड किए जा सकेंगे।

उल्लेखनीय है कि पावर मैनेजमेंट कंपनी के द्वारा 2056 पेंशनर्स के लिए उनके फार्म जमा करने के लिए पूर्व में ही विशेष व्यवस्था कर दी गई है।

**पनागर रेंज के घाना ग्राम पंचायत के तालाब का मामला**
**वन विभाग ने रेस्क्यू कर परियट नदी में छोड़ा**

# घर में घूमते मिले मगरमच्छ के 2 बच्चे



**नवभारत,जबलपुर।** पनागर रेंज के अंतर्गत घाना ग्राम पंचायत के अनमोल सिटी के पास रहने वाले यादव परिवार के घर में मगरमच्छ के दो बच्चे देखे गए जिसके बाद परिवार के लोगों में दहशत व्याप्त हो गई। जिसके बाद परिवार के सदस्यों द्वारा वन विभाग को सूचना दी गई। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे वन विभाग के अमले ने रेस्क्यू शुरू किया। जबकि शासन का वन विभाग को आदेश है कि पानी में अगर मगरमच्छ है तो उसका रेस्क्यू नहीं किया जाए। लेकिन आमजन की सुरक्षा को लेकर वन विभाग की टीम मगरमच्छों का रेस्क्यू कर देती है। जानकारी के अनुसार घाना ग्राम पंचायत के अनमोल सिटी के पास रहने वाले लखपत यादव के घर के पास तालाब से बाहर निकलकर दो बच्चे उसके घर में घुस गए थे। इस दौरान वन विभाग की टीम ने मगरमच्छ के दो बच्चों को पकड़ा और सुरक्षित तरीके से परियट नदी में ले जाकर छोड़ दिया।

### परियट नदी से बहकर तालाबों में आ जाते हैं मगरमच्छ

पनागर रेंज के वन विभाग के कर्मचारियों का कहना है कि अधिकतर ग्रामीणों ने अपने-अपने घरों के पास छोटे-छोटे तालाब बना रखे हैं। और इनसे सटकर परियट नदी है। परियट नदी में जब पानी ओवर फ्लो होता है तो मगरमच्छ और उनके बच्चे कई बार बहकर इन तालाबों में प्रवेश कर जाते हैं। इस संबंध में लखपत यादव व स्थानीय ग्रामीणों ने नवभारत को बताया कि वे जहां रहते हैं वहां से परियट नदी पास है। संभवत: परियट नदी के सहारे ही ये मगरमच्छ रहवासी क्षेत्र के तालाब में आकर बस गया होगा।

### इनका कहना है

घाना ग्राम पंचायत अंतर्गत अनमोल सिटी के पास लखपत यादव के घर में मगरमच्छ के 2 बच्चे प्रवेश होने की सूचना मिली थी। मगरमच्छ के दोनों बच्चों का सफल रेस्क्यू कर उन्हें परियट नदी में छोड़ा गया है।

**सौरभ शर्मा**
**रेंजर, पनागर**

# रेलवे ने बचाई अज्ञात व्यक्ति की जान



**जबलपुर, नवभारत।** मंगलवार दोपहर रेलवे की त्वरित कार्रवाई से एक अज्ञात व्यक्ति की जान बच गई। जबलपुर रेलवे स्टेशन पर लगभग 3.30 बजे प्लेटफार्म 1 के बाहर एक अज्ञात व्यक्ति को मिर्गी का दौरा पड़ने की सूचना मिली। जिसपर डिप्टी एसएस ने तुरंत रेलवे अस्पताल से संपर्क किया, और डॉक्टर पल्लवी अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंची। उन्होंने व्यक्ति को प्राथमिक उपचार प्रदान किया और 108 की मदद से सरकारी अस्पताल भेजा। इस दौरान आरपीएफ स्टाफ संदीप भी मौजूद थे। ऐसी घटनाओं से निपटने के लिए रेलवे ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। आरपीएफ और जीआरपी की टीमें रेलवे स्टेशनों और ट्रेनों में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैनात हैं। रेलवे अस्पताल में भी मरीजों के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं।

# 240 वाहन चालकों पर शिकंजा, 46 हजार जुर्माना

**यातायात पुलिस ने की कई क्षेत्रों में कार्यवाही**



**नवभारत, जबलपुर।** यातायात पुलिस द्वारा लगातार विशेष अभियान चलाकर नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के ऊपर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में बुधवार को बल्देवबाग चौक, त्रिपुरी चौक, कैरब्ज तिराहा, महाराजपुर बाईपास, पिसनहारी की मढ़िया आदि में चैकिंग करते हुए नियमों का उल्लंघन करने वाले के 240 वाहन चालकों पर कार्यवाही करते हुए 46600 रुपए जुर्माना वसूला गया। चैकिंग दौरान वाहन चालकों पर चालानी कार्यवाही के साथ-साथ उन्हे यातायात नियमों से अवगत कराया जाकर हेलमेट- सीटबेल्ट पहनने हिदायत भी दी गई। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के आदेशानुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात सुश्री अंजना तिवारी के निर्देशन में की गई। कार्यवाही में दौरान यातयात पुलिस बल मौजूद था। यातायात पुलिस ने वाहन चालकों एवं आमजन से यातायात पुलिस की अपील है कि वाहन चलाते समय वाहन के संपूर्ण दस्तावेज वैध हो एवं यातायात नियमों का पालन करना सुनिश्चित करें।

# आगे लूटपाट हुई है, चैकिंग हो रही है...कहते हुये सोने के कंगन उतरवाकर ले गए ठग

**जबलपुर।** आगे लूटपाट हुई है, चैकिंग हो रही है कहते हुये पहने हुये महिलाकी सोने के कंगन उतरवाकर ठग ले गए। ओमती पुलिस ने बताया कि श्रीमति पूनम भक्तानी 56 वर्ष निवासी नेपियर टाउन ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि वह किराना दुकान चलाती है घर से आटो मे बैठकर अपनी दुकान जा रही थी, जैसे ही आटो घर से आगे नवनीता होटल के सामने रोड पर पहुंची उसी समय दो व्यक्ति जिन्हें नही जानती पहचानती अपने मुंह बांधे व चश्मा लगाये हुये मोटर सायकिल मे बैठकर आये और आटो को रोककर बोले कि आप कहां जा रहे हो आपको पता है अभी आगे लूटपाट हुई है आपके पास जो सोने के जेवर है वह उतारकर बैग में रख लो तो उसने अपने दोनो हांथो मे पहने हुये सोने के कड़े उतारकर बैग में रख लिये तो मो.सा. मे आये दोनों व्यक्तियों ने उसे कागज दिया और बोले की इसमे सोने के कड़ा रख लो तो उसने कड़े निकाले और उन्होने कड़े लेकर कागज में लपेटकर दिये और बोले जल्दी से बैग में रख लो तो मैने बैग मे रख लिये कुछ दूर जाने पर मुझे शंका हुई तो उसने बेग खोलकर देखा तो कागज में पहने हुये कड़े नही थे उसमे दूसरे नकली कडे रखे मिले।

# नकाबपोश बदमाशों ने बका अड़ाकर डिलेवरी ब्वाय से की लूट

**जबलपुर।** तिलवारा थाना अंतर्गत शास्त्रीनगर के आगे भैरोमंदिर के पास नकाबपोश बदमाशों ने बका अड़ाकर डिलेवरी ब्वायकी बाइक लूट ली। पुलिस ने बताया बुधवार को प्रशांत पटेल 20 र्व्ष निवसी समनापुर नरसिंहपुर हाल निवासी चंदन कालोनी धनवंतरी नगर ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि वह ब्लिंकिट कम्पनी में डिलेवरी ब्वाय का काम करता है। 11-15 बजे रात्रि शास्त्रीनगर के आगे भैरोमंदिर के पास पहुंचा तभी पीछे से बिना नम्बर की मोटर सायकिल पर 3 लडके आये और उसकी मोटर सायकल के सामने अडाकर उससे उसकी मोटर सायकिल छुडा लिये और उनमें से एक लडके सिर पर लाल कपडा बांधा था ने बका निकालकर उसकी गर्दन पर अडा दया एवं उससे मोबाईल एवं रूपये की मांग करने लगा वह डरकर पीछे भागा तो उसकी मोटर सायकिल छीनकर सगडा की ओर भाग गये।

### युवकों पर हमला कर मोबाइल-नगदी लूटीं

संजीवनी नगर थाना अंतर्गत जसूजा होटल के पास बीती रात लुटेरों ने युवकों पर हमला कर मोबाइल-नगदी लूट ली। पुलिस ने बताया कि बुधवार को प्रेम ठाकुर उम्र 35 वर्ष निवासी हाथीताल ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि वह ई रिक्शा चलाता है। बीती रात्रि 11.00 बजे से 11.15 के बीच पहुँचा। अंधमुख वायपास की ओर से काले रंग की मोटर साईकिल पर तीन लड़के उम्र करीब 20-23 वर्ष के आये और कटर से मारा। तीसरे लड़के ने भी बाँये हाथ में एवं चेहरे में बाँये तरफ कटर से मारा।

ऑटो में रखा मोबाइल ले लिय साथी जसप्रीत को हाथ घूँसों से मारे उसका जेब से पर्स निकालकर ले गये, पर्स में आधार आई-डी, पेन कार्ड एवं नगद 1800 रूपये थे।

**उदासीनता** ▶ एक माह से स्ट्रीट लाइट बंद पड़ी है

# शाम ढलते ही छा जाता है अंधेरा, सड़क से गुजरने में कतरा रहीं महिलाएं

**भूकंप कॉलोनी के पास का हाल**



**नवभारत,जबलपुर।** चारों तरफ छाया अंधेरा... शाम ढलते ही यदि किसी महिला व लड़की को सड़क से पैदल गुजरना है तो वो गुजर नहीं सकती... क्योंकि असामाजिक तत्वों का डर और उनकी सुरक्षा को लेकर खड़े हो सवाल उन्हें अंधेरे में गुजरने की इजाजत नहीं देते। ये आलम बीते करीब 1 माह से भूकंप कॉलोनी से रूद्राक्ष पार्क वाली सड़क व आसपास के इलाकों का बना हुआ है जहां करीब 10 से 15 स्ट्रीट लाइटों की बिजली बंद पड़ी हुई है। वजह पता चली तो शॉट-सर्किट होना सामने आया। इसके साथ ही दूसरी मुख्य वजह भूकंप कॉलोनी वाले क्षेत्र में सब इंजीनियर का तबादला भी सामने आ रही है जिस कारण स्ट्रीट लाइट की बिजली चालू नहीं हो सकी है।

### सब इंजीनियर का हुआ तबादला

जानकारी के अनुसार पहले सब इंजीनियर विवेक शुक्ला इस इलाके में अपनी सेवाएं दे रहे थे लेकिन उनका तबादला हुआ और अब कुछ दिनों पहले ही नए सब इंजीनियर विपिन जैन आए हैं। नए जिम्मेदार महोदय का कहना है कि एक से दो दिनों के भीतर समस्या का निदान कर दिया जाएगा। और स्थानीय लोगों को कोई परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

### इनका कहना है

भूकंप कॉलोनी की स्ट्रीट की विद्युत लाइन में शॉट-सर्किट की वजह से ऐसी समस्या सामने आई है। एक से दो दिन के भीतर मौके पर टीम भिजवाकर बंद पड़ीं स्ट्रीट लाइटों को चालू करा दिया जाएगा।

**विपिन जैन**
**सब इंजीनियर**

# एबीवीपी-एमपीएसयू कार्यकर्ताओं पर दर्ज हुआ काउंटर केस, पांच गिरफ्तार, गए जेल

▶ **छात्र गुटों में चले हथियार, पथराव, तोड़फोड़ का मामला**

**जबलपुर।** शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय परिसर में मंगलवार को एबीवीपी-एमपीएसयू कार्यकर्ता आपस में भिड़ गए थे। छात्र नेताओं के बीच हथियार चलने के साथ पथराव, तोड़फोड़ हुआ। जिसमें दर्जनभर कार्यकर्ता घायल हुए थे। इस मामले में ओमती पुलिस ने बलवा समेत अन्य धाराओं के तहत काउंटर केस दर्ज कर लिया है इसके साथ ही आरोपियों की धरपकड़ तेज कर दी है। पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया जिन्हें न्यायालय के समक्ष पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक एबीवीपी कार्यकर्ता सार्थक चौधरी 19 वर्ष निवासी कांचघर शीतला माई तेल मिल के पास थाना घमापुर ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि मंगलवार को कॉलेज केम्प्स में थे जहां सेकेंड ईयर के छात्र अभिनव सिंह परिहार, उत्कर्ष मिश्रा, एवं एक अन्य नशा कर रहे थे जिन्हे मादक पदार्थ का सेवन करने से मना किया तो विवाद करने लगे। अभिषेक पांडे व उसके सदस्य उत्कर्ष मिश्रा, व अभिनव सिंह अपने साथी आकाश खरे, जतिन कनोजिया , हर्ष कनोजिया , यश कनोजिया तथा एक अन्य के साथ मिलकर उस पर एवं उसके साथियों को जान से मारने की नीयत से बेसबाल और पंच से हमला किये जिससे उसे उसके साथियां को चोटे आई। सार्थक चौधरी की रिपोर्ट पर अभिषेक पाण्डे 25 वर्ष निवासी रानीताल चौक थाना लाईगंज, उत्कर्ष मिश्रा 18 वर्ष निवामी दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर घमापुर, अभिनव सिंह परिहार 19 वर्ष निवानी बेलबाग, यश कनौजिया 19 वर्ष निवासी तिलवारा समेत एक बालक को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश करते हुये केन्द्रीय जेल जबलपुर में निरूद्ध कराया गया। मामले के 1 अन्य विधि विवादित बालक को किशोर न्यायबोर्ड के समक्ष प्रस्तुत कर किशोर सुधार गृह भेजा गया। वहीं यश कनौजिया पिता सुनील कनौजिया 19 वर्ष निवासी महर्षि स्कूल के पास शास्त्री नगर , तिलवारा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह मप्र .छात्र संघ का कार्यकर्ता है। मंगलवार दोपहर लगभग 12:30 बजे अपने मित्र अद्भुत दुबे, अभिषेक पांडे, जतिन कनौजिया , आकाश खरे, हर्षित कनौजिया आदि के साथ कला निकेतन पालीटेक्निक कलेज गया था, वहाँ पर एबीवीपी के कार्यकर्ता छात्रों को डरा धमकाकर अपने संगठन में शामिल होने के लिये बोल रहे थे विरोध करने पर एबीवीपी के आर्यन पुंज ने लोहे की राड से उसके सिर पर मारा है, सार्थक चौधरी ने अद्भुत दुवे को बेसबाल के डंडे से मारा है, एवं अनमोल सोनकर , अनुराग रघुवंशी, जुबिल खान , रिषी पटेल , मोहित सिंह, प्रियांशु पटेल, सौरभ वाल्मिक , राहुल सिंह, अंशवीर सोनकर ने हांथ मुक्को से मारते हुये धमकी दी कि दोबारा यदि कलेज मे दिखे तो जान से खत्म कर देगें। यश कनौजिया की रिपोर्ट पर आर्यन पुंज, सार्थक चौधरी ,अनमोल सोनकर , अनुराग रघुवंशी, जुबिल खान , रिषी पटेल, प्रियांशु पटेल, सौरभ वाल्मिक , राहुल सिंह, अंशवीर सोनकर अन्य के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज हुआ है।

### एबीवीपी ने किया प्रदर्शन

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् जबलपुर महानगर द्वारा कला निकेतन पॉलीटेक्निक महाविद्यालय परिसर में व्याप्त असामाजिक गतिविधियों के विरोध में बुधवार को प्रदर्शन कर प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान महानगर मंत्री आर्यन पुंज, ऐश्वर सोनकर , शोभित मिश्रा , अनमोल सोनकर , अक्षत ताम्रकार , सत्यम पटेल, आशुतोष पटेल, उपस्थित रहे ।